Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 7

Total No. of Questions : 26

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड वार्षिक परीक्षा 2022-2023

**विषय कोड : 1210**

## व्यावसायिक अर्थशास्त्र

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिसके अंतर्गत सही विकल्प, रिक्त स्थानों की पूर्ति, सही जोड़ी, सत्य/असत्य तथा एक वाक्य में उत्तर लिखना है। (प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है।)

(iv) प्रश्न क्रमांक **6** से **10** (अधिकतम शब्द **30**) अंक-**2**।

(v) प्रश्न क्रमांक **11** से **14** (अधिकतम शब्द **75**) अंक-**3**।

(vi) प्रश्न क्रमांक **15** से **21** (अधिकतम शब्द **120**) अंक-**4**।

(vii) प्रश्न क्रमांक **22** से **26** (अधिकतम शब्द **150**) अंक-**5**।

(viii) प्रश्न क्रमांक **6** से **26** तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

1. सही विकल्प का चयन कीजिये :

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में अध्ययन किया जाता है : 1

(क) व्यक्तिगत इकाइयों का (ख) राष्ट्रीय आय का

(ग) पूर्ण रोजगार का (घ) ये सभी

(*ii*) केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया जाता है : 1

(क) राज्य सरकार द्वारा (ख) केन्द्र सरकार द्वारा

(ग) स्थानीय सरकार द्वारा (घ) केन्द्र-शासित सरकार द्वारा

(*iii*) औसत लागत वक्र का आकार होता है : 1

(क) U अक्षर जैसा (ख) T अक्षर जैसा

(ग) Z अक्षर जैसा (घ) C अक्षर जैसा

(*iv*) भारतीय रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण कब हुआ ? 1

(क) 1945 (ख) 1959

(ग) 1947 (घ) 1949

(*v*) निवेश के निर्धारक घटक कौनसे हैं ? 1

(क) ब्याज की दर (ख) पूँजी की सीमांत क्षमता

(ग) (क) और (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : 5

(*i*) पूर्ति का नियम .................................. वस्तुओं पर लागू नहीं होता।

(*ii*) छोटे-छोटे चरों का अध्ययन .............................. अर्थशास्त्र में किया जाता है।

(*iii*) पूर्ण प्रतियोगिता एक .............................. स्थिति होती है।

(*iv*) चाप तथा कॉफी .............................. वस्तुएँ हैं।

(*v*) सकल घरेलू उत्पाद-मूल्यहास = .............................. ।

3. सही जोड़ियाँ बनाइये : 5

| | A | | | B |
|---|---|---|---|---|
| (*i*) | साम्य कीमत | — | (क) | पाँच होते हैं |
| (*ii*) | माँग के नियम | — | (ख) | स्टॉक एक्सचेंज शेयर |
| (*iii*) | बाजार संतुलन | — | (ग) | माँग = पूर्ति |
| (*iv*) | प्रतिभूति विनिमय दर | — | (घ) | एक–दूसरे को नहीं काटते हैं |
| (*v*) | तटस्थता वक्र | — | (ङ) | बाजार माँग = बाजार पूर्ति |

4. निम्नलिखित में सत्य/असत्य बताइये : 5

(*i*) एडम स्मिथ को आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है।

(*ii*) बैंकिंग चालू खाते की मद है।

(*iii*) व्यापार संतुलन भुगतान संतुलन का अंग है।

(*iv*) उत्पादन बंद कर देने से स्थिर लागतें शून्य हो जाती हैं।

(*v*) मांग वक्र को औसत आगम वक्र भी कहते हैं।

5. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिये : 5

(*i*) व्यष्टि अर्थशास्त्र का प्रमुख विषय क्या है ?

(*ii*) समष्टि अर्थशास्त्र को और किस नाम से जाना जाता है ?

(*iii*) किस प्रकार की प्रतियोगिता काल्पनिक होती है ?

(*iv*) राष्ट्रीय आय व आर्थिक कल्याण में कैसा संबंध होता है ?

(*v*) किस प्रकार की वस्तुओं की माँग लोचदार होती है ?

6. अवसर लागत से क्या आशय है ? 2

**अथवा**

उत्पादन संभावना वक्र क्या है ?

7. फर्म के साम्य से क्या आशय है ? 2

**अथवा**

स्थिर लागत से क्या आशय है ?

8. कीमत तल क्या है ? 2

**अथवा**

प्रशासकीय कीमत किसे कहते हैं ?

9. शुद्ध निर्यात से क्या आशय है ? 2

**अथवा**

प्रति व्यक्ति आय से क्या आशय है ?

10. आय और उपभोग में कैसा संबंध पाया जाता है ? 2

**अथवा**

अतिरेक माँग की अवस्था कब उत्पन्न होती है ?

11. धातु मुद्रा और पत्र मुद्रा में अंतर स्पष्ट कीजिये (कोई **तीन**)। 3

**अथवा**

रिजर्व बैंक को सरकार का बैंक क्यों कहते हैं ?

12. पूर्ति का क्या अर्थ है ? 3

**अथवा**

पूर्ति एवं स्टॉक में अंतर स्पष्ट कीजिये।

13. उपभोक्ता बजट को समझाइये। 3

**अथवा**

निम्नस्तरीय वस्तु किसे कहते हैं ?

14. कुल उपयोगिता से क्या आशय है ? 3

**अथवा**

उपयोगिता की विशेषताएँ लिखिये (कोई **तीन**)।

15. सीमांत उपयोगिता एवं कुल उपयोगिता में क्या संबंध है ? स्पष्ट कीजिये। 4

**अथवा**

माँग के नियम के अपवाद लिखिये।

16. बजट सेट एवं बजट लाइन में अंतर स्पष्ट कीजिये। 4

**अथवा**

उपयोगिता ह्रास नियम की प्रमुख मान्यताएँ लिखिये।

17. माँग में विस्तार और संकुचन से आप क्या समझते हैं ? रेखाचित्र बनाइये। 4

**अथवा**

माँग की कीमत लोच से क्या आशय है ?

18. फलन किसे कहते हैं ? 4

**अथवा**

उत्पादन फलन की **चार** मान्यताएँ लिखिये।

19. सीमांत लागत व औसत लागत में अंतर लिखिये। 4

**अथवा**

परिवर्तनशील लागत से आप क्या समझते हैं ?

20. पूँजीगत प्राप्तियों एवं राजस्व प्राप्तियों में **चार** अंतर लिखिये। 4

**अथवा**

नियोजित अर्थव्यवस्था में बजट की विशेषताएँ बताइये।

21. स्थिर विनिमय दर के पक्ष में कोई **चार** तर्क दीजिये। 4

**अथवा**

लोचपूर्ण विनिमय दर के पक्ष में कोई **चार** तर्क दीजिये।

22. व्यष्टि अर्थशास्त्र का महत्व लिखिये। 5

**अथवा**

व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर स्पष्ट कीजिये।

23. पूरक वस्तुओं एवं स्थानापन्न वस्तुओं में अंतर लिखिये (कोई **पाँच**)। 5

**अथवा**

व्यक्तिगत माँग एवं बाजार माँग में अंतर लिखिये।

24. राष्ट्रीय आय लेखांकन की **पाँच** विशेषताएँ लिखिये। 5

**अथवा**

राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिये।

25. आय गणना विधि के प्रमुख घटक बताइये। 5

**अथवा**

सकल राष्ट्रीय आय की गणना कीजिये :

मजदूरी = 50,000 रु., किराये से आय = 10 लाख रु., ब्याज प्राप्ति = 5 लाख रु., लाभ = 20 लाख रु., मूल्यह्रास = 4 लाख रु.।

26. रिजर्व बैंक और व्यापारिक बैंक में **पाँच** अंतर लिखिये। 5

**अथवा**

वस्तु विनिमय प्रणाली की कठिनाइयाँ (दोष) बताइये।